उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 03.11.2024

महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

◆ मिशन शक्ति अभियान-5 के तहत जनपद के समस्त थानों में गठित एण्टी रोमियों टीमों द्वारा क्षेत्र में भ्रमण कर महिलाओं/बालिकाओं को सुरक्षा के प्रति आश्वस्त कर शासन की विभिन्न योजनाओं के प्रति जागरुक किया गया-

मिशन शक्ति अभियान फेज - **5.0**" व "शक्ति दीदी" अभियान के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में जनपद महोबा में महिलाओं के सशक्तिकरण, स्वावलंबन एवं आत्मनिर्भर बनाने हेतु उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक **03.11.2024** को जनपद के प्रत्येक थाने में गठित मिशन शक्ति/एण्टीरोमियों पुलिस टीम द्वारा अपने अपने थाना क्षेत्रअन्तर्गत विभिन्न ग्राम, महत्वपूर्ण स्थलों एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों में भ्रमण कर महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके विरुद्ध हो रहे विभिन्न अपराध जैसे- सार्वजनिक स्थलो में छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं/अपराधओं को रोकने के लिये एवं ऐसे अपराधों के प्रति आवाज उठाने के लिये उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया।

इस दौरान उनकी सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यू0पी0-**112** नम्बर, वूमेन पावर लाइन **1090**, यूपी कॉप एप, महिला हेल्प लाइन **181**, मुख्यमंत्री हेल्प लाइन **1076**, चाइल्ड हेल्प लाइन **1098**, साइबर हेल्पलाइन **1930** इत्यादि के बारे में जानकारियां प्रदान की गई। इस दौरान सभी को अवगत कराया गया कि सभी थानों में उनकी सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा उनकी शिकायतें सुनी जाती हैं तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है।

थाना चरखारी की पुलिस टीम ने सार्वजनिक स्थान पर हार-जीत की बाजी लगा जुआ खेल रहे 04 नफर अभियुक्तों को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंशल के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम हेतु अवैध जुआ/सट्टा पर प्रभावी रोक एवं ऐसे क्रिया कलापों में शामिल अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 03.11.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री रविकान्त गौड़ के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष चरखारी श्री गणेश कुमार द्वारा गठित की गई उ0नि0 भूपेन्द्र सिंह मय हमराह का0 मो0कामिल, का0 कुलदीप सिंह व कां0 पवन कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा पुरानी चौकी गेट के पास ग्राम गौरहारी थाना चरखारी जनपद महोबा के पास सार्वजनिक स्थान पर हार-जीत की बाजी लगा जुआ खेल रहे 04 नफर अभियुक्त गण क्रमशः 1.अक्षय राजपूत उर्फ कल्लू पुत्र पृथ्वीराज राजपूत उम्र 19 वर्ष 2.मिथुन राजपूत पुत्र मंगल सिंह उम्र 18 वर्ष 3.महेन्द्र अहिरवार पुत्र जवाहर उम्र 28 वर्ष 4.जागेश्वर अहिरवार पुत्र देशराज उम्र 45 वर्ष समस्त निवासीगण ग्राम गौरहारी थाना चरखारी जनपद महोबा को नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से जामातलाशी 460 रूपया, मालफड़ 1200 रूपया कुल 1660/- रूपया व 52 अदद ताश पत्ते बरामद हुए। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्तगण उपरोक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 265/2024 धारा 13 जुआ अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही सम्पादित की गई।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. उ0नि0 भूपेन्द्र सिंह
2. का0मो0 कामिल
3. का0 कुलदीप सिंह
4. कां0 पवन कुमार

गिरफ्तार अभियुक्त-

1. अक्षय राजपूत उर्फ कल्लू पुत्र पृथ्वीराज राजपूत उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम गौरहारी थाना चरखारी जनपद महोबा
2. मिथुन राजपूत पुत्र मंगल सिंह उम्र 18 वर्ष निवासी ग्राम गौरहारी थाना चरखारी जनपद महोबा
3. महेन्द्र अहिरवार पुत्र जवाहर उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम गौरहारी थाना चरखारी जनपद महोबा
4. जागेश्वर अहिरवार पुत्र देशराज उम्र 45 वर्ष निवासी ग्राम गौरहारी थाना चरखारी जनपद महोबा

थाना कबरई की पुलिस टीम ने
वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंशल के निर्देशन में जनपद महोबा में प्रचलित पर्वों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजामों हेतु अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध की जा रही प्रभावी कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 03.11.2024 को तथा अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर श्री दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी कबरई व0उ0नि0 महेन्द्र कुमार वर्मा द्वारा गठित की गई उ0नि0 अनुज कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने एक नफर वारंटी अभियुक्त बरदानी पुत्र स्व0 महंगू प्रसाद उम्र करीब 63 वर्ष निवासी मु0 अम्बेडकर नगर थाना कबरई जनपद महोबा सम्बन्धित मु0नं0 2168/18 सर महीपत आदि धारा 143/147/149/186/188/341/353 भादवि व 7सीएलए एक्ट थाना कबरई जनपद महोबा के वारण्टी अभियुक्त को मोहल्ला अम्बेडकर नगर कस्बा व थाना कबरई से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। बाद गिरफ्तारी अभियुक्त को सम्बन्धित माननीय न्यायालय के समक्ष पेश करने हेतु भेजा गया।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –

उ0नि0 अनुज कुमार सिंह

गिरफ्तार अभियुक्त-

बरदानी पुत्र स्व0 महंगू प्रसाद उम्र करीब 63 वर्ष निवासी मु0 अम्बेडकर नगर थाना कबरई जनपद महोबा।

महोबा पुलिस